अजीत समाचार 03/05/2024

जीएमएन कालेज ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

अम्बाला कैंट, 2 मई (अग्रवाल): हरियाणा राज्य ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में ओपन हरियाणा स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में किया गया। इस प्रतियोगिता में जीएमएन कालेज के विद्यार्थी अंश देवान ने कुरुक्षेत्र और पानीपत के खिलाड़ियों को हराकर सीनियर कैटेगरी में अंडर-68 वेट में स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ी का महाविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों की इस गौरवान्वित उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस खुशी के अवसर पर प्रो. बृजेश गुप्ता और मैम रुपाली उपस्थित रहे। उन्होंने भी इस शानदार जीत के लिए विजेता खिलाड़ी की सराहना करते हुए उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।